>

Title : Need to construct pucca roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in reserve forest areas in Bharuch and Narmada districts of Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच जिले एवं नर्मदा जिले में कई रिजर्व फोरेस्ट एरिया है जहां पर आदिवासी आबादी बहुलता में निवास करती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांवों को जोड़ने वाली जो सड़कें इन रिजर्व एरिया में बन रही है वे कच्ची सड़कें ही बन रही है जिसके कारण बरसात में यह सड़कें खराब हो जाती है एवं इन सड़कों की दशा दयनीय हो जाती है जिस पर चला भी नहीं जाता और रिजर्व फोरेस्ट एरिया में रहने वाले आदिवासी लोगों को पक्की सड़कों से वंचित होना पड़ रहा है। ऐसी सड़कों को बनाने का क्या फायदा जो एक साल में ही खराब हो जाए।

सरकार से अनुरोध है कि रिजर्व फोरेस्ट एरिया में आदिवासी लोगों को स्थाई सड़क सुविधा दिए जाने हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत कच्ची सड़कों के स्थान पर पक्की सड़कें ही बनाई जाए।